आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 26.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ″मन की बात″ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

2– केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि जल्द ही युवा मामलों पर केंद्रित एक विशेष चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

3– कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा कल सत्ताईस अप्रैल को राज्य के विभिन्न जिलों में विषेष समाधान षिविर आयोजित किया जाएगा।

4– मौसम विभाग ने कल दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है।

.........

**मन की बात–01**

प्रधानमंत्री ने मौजूदा जनगणना अभियान को विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान बताया। आकाशवाणी से आज **मन की बात** कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने इस अभियान में पूर्ण जन भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज की जा रही है।

**जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, अब तक लगभग एक करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है, यह गोपनीय रखी जाती है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष पहली मई को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मानवता के कल्याण के लिए हमेशा प्रासंगिक रहेंगी।

श्री मोदी ने बच्चों को गर्मियों की छुट्टी का भरपूर आनंद लेने और कुछ नया सीखने की सलाह भी दी।

**मन की बात–02**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में काले हिरण फिर से दिखाई देने लगे हैं। एक समय इनकी संख्या बहुत कम हो गई थी, लेकिन लगातार प्रयास हुए, और संरक्षण बढ़ाया गया। आज ये फिर से खुले मैदानों में दौड़ते नजर आते हैं। यह हमारी खोती विरासत की वापसी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के भाटागांव स्थित विनायक सिटी में जनसमूह के साथ "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। बाद में मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीवों के संरक्षण और ऊर्जा के नए स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए देशवासियों को प्रेरित किया है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, वन मंत्री केदार कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**<u>केन्द्रीय मंत्री–चिंतन शिविर</u>**

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि जल्द ही युवा मामलों पर केंद्रित एक विशेष चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्रीनगर में आयोजित खेल चिंतन शिविर के समापन अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने यह घोषणा की।

राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की खेल योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर बेस्ट प्रेक्टिसेस पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया। श्री साव ने दो दिनों के शिविर में विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

**<u>केन्द्रीय राज्यमंत्री–लोकार्पण</u>**

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन–एनटीपीसी सीपत द्वारा सात करोड़ रुपये से अधिक की चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। इसके तहत शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल तथा छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान–सिम्स को उन्नत उपकरणों और सुदृढ़ आधारभूत संरचना की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। इस अवसर पर

श्री साहू ने कहा कि अत्याधुनिक ब्लड बैंक, उन्नत प्रयोगशालाएं और आधुनिक उपकरण मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक साबित होंगे।

**ईपीएमओ–समाधान समारोह**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ द्वारा कल सत्ताईस अप्रैल को राज्य के विभिन्न जिलों में विषेष समाधान षिविर आयोजित किया जाएगा। इन षिविरों में पीएफ दावा, यूनिवर्सल अकाउंट नंबर, केवाईसी अपडेट, बैंक खाते की जानकारी में सुधार और पेंषन से जुड़े प्रकरणों के निराकरण संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की ओर से सदस्य सेवाओं को अधिक सरल और जनसुलभ बनाने के लिए "निधि आपके निकट टू प्वॉइंट जीरो" कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

**इंदिरा गांधी–समोराह**

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विष्वविद्यालय में कल आयोजित एक समारोह में प्रगतिषील किसानों को विकसित धान की छह उन्नत म्यूटेंट किस्मों का वितरण किया गया। धान की इन किस्मों को भाभा अटामिक रिसर्च सेंटर ट्रॉम्बे–मुंबई के सहयोग से तैयार किया गया है। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष में धान की चालीस प्रतिषत पुरानी किस्मों को नई उन्नत किस्मों से प्रतिस्थापित करने की योजना है। उन्होंने किसानों से परंपरागत फसलों की जगह अधिक मुनाफा देने वाली फसलें उगाने का आव्हान किया।

**दुर्घटना**

प्रदेश में अलग–अलग जिलों में हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई है। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। कोरबा जिले के कटघोरा थाना अंतर्गत कसनिया मोड़ के पास शादी से लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए हैं।

इधर, मोहला–मानपुर में नेशनल हाईवे–नौ सौ तीस पर पर दल्ली राजहरा के बीच खड्गांव थाना क्षेत्र के पेंदुर गांव के पास एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर

ही मौत हो गई। वहीं, दस अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को मोहला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र  में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

इसी तरह, बालोद जिले के अछोली गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर, धमतरी जिले में के कुरूद थाना क्षेत्र में आरौद टोल प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल इस व्यक्ति को धमतरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं, सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे–एक सौ तीस पर दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में वाहन चालक घायल हो गया है।

## सट्टा–आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग पुलिस ने अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाष करते हुए मुख्य संचालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह गोवा सहित विभिन्न राज्यों में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य गोवा और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से फर्जी सिम, म्यूल अकाउंट और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अवैध रूप से सट्टा खिला रहे थे। पुलिस ने इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, बैंक दस्तावेज, एटीएम और सिम कार्ड सहित नगद राषि भी बरामद की है। जांच में इस गिरोह द्वारा खासतौर पर आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान करोड़ों रुपये की राषि का अवैध रूप से लेनदेन करने का साक्ष्य मिला है। इस मामले में पुलिस पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ छीटें पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाएं आ रही हैं। इससे दक्षिण छत्तीसगढ़ का मौसम बदल सकता है। वहीं, आगामी दो से तीन दिनों तक मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने की चेतावनी दी है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज राज्य कृषि विपणन बोर्ड के तहत मंडी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा सुबह दस बजे से शुरू होकर दोपहर सवा बारह बजे तक चली। इस परीक्षा के लिए रायपुर जिले में एक सौ चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

– अम्बिकापुर की गोल्फ खिलाड़ी शिवानी सोनी को 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा सम्मानित किया गया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने उनसे भेंट कर उन्हें बधाई दी है।

– बस्तर पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चार सौ अस्सी नग नशीली कैप्सूल जब्त की है, जिसकी कीमत करीब एक लाख बयानवे हजार रुपये आंकी गई है।

– खैरागढ़ जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की मंडीप खोल गुफा कल सत्ताईस अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोली जाएगी।

और

– रायपुर जिले में कई राईस मिलर्स ने भारतीय खाद्य निगम और नागरिक आपूर्ति निगम में तय मात्रा में कस्टम मिलिंग चावल जमा नहीं किया है। इसे लेकर रायपुर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चौहत्तर राइस मिलर्स को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी देते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>